## हिस्ट्रीशीटर के घर मिली लेपर्ड की खाल

**उदयपुर,** (कासं)। हिस्ट्रीशीटर के घर से लेपर्ड की खाल बरामद हुई है। जांच में पता लगा कि लेपर्ड की खाल करीब 6 महीने पुरानी है। जो पूरी तरह से सूखी हुई है। पुलिस का कहना है कि खाल को देहरादून स्थित लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच में पता लगेगा कि लेपर्ड की मौत कैसे और किन कारणों से हुई।माण्डवा थानाधिकारी चन्द्रपाल सिंह ने बताया. मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हिस्टीशीटर सविया पुत्र काला के आमलीघाटी स्थित घर पर 4 मई को 5 बजे दबिश दी थी।दबिश के वक्त घर पर कोई नही मिला। तलाशी के दौरान लेपर्ड की खाल बरामद हुई।चन्द्रपाल सिंह ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया। जांच में पता लगा कि लेपर्ड की मौत करीब 6 माह पहले हुई थी। खाल के सैम्पल देहरादून स्थित लैब में जांच के लिए भेजे जाएंगे।

## चार्जशीट जारी

**कपासन,** (निसं)। जिला प्रशासन द्वारा शिकायतों के निस्तारण में सख्त रुख अपनाते हुए तहसील कपासन के पटवारी को निलंबित करने के साथ ही उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के तहत चार्जशीट जारी की गई है।जिला कलक्टर द्वारा 23 अप्रैल को उपखण्ड कार्यालय कपासन में किए गए निरीक्षण एवं ग्राम पंचायत निंबाहेड़ा में रात्रि चौपाल के दौरान गोवर्धनपुरा निवासी परिवादी द्वारा लिखित परिवाद प्रस्तुत किया गया। परिवाद में पटवार हल्का करजाली के पटवारी के विरुद्ध विद्युत कनेक्शन स्थानांतरण से संबंधित कार्य में अनियमितता एवं कार्य में लापरवाही की शिकायत की गई।

# 20 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

**राजसमंद,** (निसं)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मंगलवार को नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के खमनोर पंचायत समिति अंतर्गत पीएम श्री स्कूल, गांवगुडा तथा गौण मंडी परिसर, रेलमगरा पहुंचे, जहां उन्होंने क्षेत्र के लिए 20 करोड़ 76 लाख रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर आमजन को महत्वपूर्ण सौगात दी।

■ **'सरकार ग्रामीण आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, शिक्षा, सड़क, धार्मिक एवं खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है'**


उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

इस अवसर पर राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, कलक्टर अरुण हसीजा, एसपी हेमंत कलाल आदि मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण आधारभूत ढांचे को सुदृढ करने, शिक्षा, सड़क, धार्मिक एवं खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है और इन कार्यों से क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। गांवगुडा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया, जो डीएमएफटी योजना के तहत 3 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित हुआ है। इसके साथ ही टी-10 केसुली से एनएच-162ई तक सेमल व उनवास होते हुए 8.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य, जिसकी लागत 6 करोड़ 78 लाख रुपये है, का लोकार्पण किया गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 के अंतर्गत गांवगुडा क्षेत्र में 1.50 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य, जिसकी लागत 30 लाख रुपये है, का भी लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त महादेव मंदिर से श्मशान घाट तक पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य, जिसकी लागत 20 लाख रुपये है, का शिलान्यास किया गया। इन कार्यों से गांवगुडा सहित आसपास के क्षेत्रों में आवागमन, शिक्षा सुविधाओं और आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी।

रेलमगरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने टी-8 नाथद्वारा से रेलमगरा मार्ग के 11 किलोमीटर हिस्से के सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्य का लोकार्पण किया, जो पीएमजीएसवाई-योजना के तहत 7 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुआ है। साथ ही मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अंतर्गत राजपुरा से सूरजबारी माताजी तक 1 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य, जिसकी लागत 25 लाख रुपये है, का लोकार्पण किया गया। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलमगरा में चावंडा माताजी मंदिर विकास कार्य, जिसकी लागत 1 करोड़ रुपये है, तथा क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु 1 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित खेल स्टेडियम का लोकार्पण किया गया। इन समस्त कार्यों से नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र में कुल 22.05 किलोमीटर सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ शिक्षा, धार्मिक व खेल अवसंरचना को सशक्त किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल ग्रामीण संपर्क बेहतर होगा।

## जन आरोग्य लीवर क्लिनिक व कार्डियक कैथ लैब का लोकार्पण

**उदयपुर,** (कासं)। पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने महाराणा भूपाल चिकित्सालय में अत्याधुनिक कार्डियक कैथ लैब और जन आरोग्य लीवर क्लिनिक का उद्घाटन किया। चिकित्सालय में मेडीकल सुविधाओं के इस विस्तार का सीधा लाभ संभाग एवं पड़ोसी राज्य से आने वाले मरीजों को मिलेगा। इस अवसर पर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, आरएनटी प्रिंसिपल डॉ राहुल जैन, सुपर स्पेशलिटी अधीक्षक डॉ विपिन माथुर, एमबी अधीक्षक डॉ आर एल सुमन, कार्डीयोलोजी विभागाध्यक्ष डॉ मुकेश शर्मा, वेदांता की सीएसआर हेड अनुपम निधि, हिंदुस्तान जिंक के कॉर्पोरेट फाइनेंस कंट्रोलर राजीव पीट्टी, जिंक के कॉमर्शियल हेड मुबारिक खान सहित अन्य उपस्थित रहे।कटारिया अपने उदयपुर प्रवास पर डबोक से सीधे एमबी अस्पताल परिसर स्थित सुपर स्पेशिलिटी विंग पहुंचे। यहां पर उन्होने प्रदेश के पहले जन आरोग्य लीवर क्लिनिक का शुभारम्भ किया। राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण और गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के साथ क्लिनिक कार्य करेगा जहां पात्र मरीजों को निशुल्क दवा मिलेगी। इसके पश्चात हिन्दुस्तान जिंक द्वारा सीएसआर के तहत काडियक विंग में 15 करोड़ की लागत से स्थापित नई कैथ लेब का लोकार्पण किया। यह पहल हिन्दुस्तान जिंक और आरएनटी चिकित्सालय के बीच हुए उस एमओयू का हिस्सा है, जिसके तहत अस्पताल को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार एक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। कटारिया ने कहा कि एमबी अस्पताल में मेडिकल सुविधाओं के विस्तार के कार्य में हिन्दुस्तान जिंक हमेशा अग्रणी रहा है। डीएमएफटी फण्ड और अन्य दानदाताओं सहित हिन्दुस्तान जिंक द्वारा स्थापित आधुनिक कैथलेब जैसी सुविधाएं यहां मिलने वाली आधुनिक सुविधाओं का प्रत्यक्ष उदाहरण है।


**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/उप.एकी./2026/ 553 दिनांक : 17.04.2026

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्धा/पट्टा शुद्धा के आधार पर भूखण्डों का उपविभाजन/एकीकरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर उपविभाजन/एकीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्रीमती चांदनी कुंवर खींची पत्नि श्री विरेन्द्र सिंह खींची निवासी-उदयपुर | भूखण्ड संख्या-12 क्षेत्रफल- 1600 वर्गफिट, बांदरीया मंगरा के पीछे, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-13 | 30 फिट रोड | 30 फिट रोड | भूखण्ड संख्या-11 |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

क्रमांक /न.पा.ना./69 क/2026/1145 दिनांक :- 5.5.26

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | आवेदित सम्पत्ति का पता एवं माप | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्रीमति मीरा तवर पत्नि श्री कैलाश तवर | नई हवेली चौक, नाथद्वारा भूखण्ड क्षेत्रफल 222.81 वर्गफीट | रौनक सुराणा का मकान | राजेन्द्र कुमार का मकान | रास्ता | मोहन लाल राठौड़ का मकान |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

**ग्राम पंचायत-कंथारिया, पंचायत समिति-झाडोल ( फ. ), जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रापंकंथारिया/निविदा/2026-27/ दिनांक:-02.05.2026

**-: निविदा सूचना-05 & 06/2026-27 :-**

ग्राम पंचायत कंथारिया में वर्ष 2025-26 में जन भागीदारी, DMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य को कराने हेतु, दिनांक 07.05.2026 सायं 6.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No:-ZUD2627WSOB00390

UBN No:-ZUD2627WSOB00392

प्रशासक ग्राम पंचायत कंथारिया — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कंथारिया


## वार्षिकोत्सव 'स्पंदनम' सम्पन्न



उदपुर के पेसिफिक विवि के शिक्षा संकाय का वार्षिकोत्सव 'स्पंदनम' का समापन हुआ।

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय का वार्षिक उत्सव 'स्पंदनम मंगलवार को सांस्कृतिक सौंदर्य के अद्भुत संगम के रूप में सम्पन्न हुआ। प्रातः 10 बजे आरंभ हुए इस आयोजन ने प्रारंभ से ही अपनी सुसंगठित व्यवस्था और भावपूर्ण वातावरण से सभी उपस्थित जनों को प्रभावित किया।

लेफ्टिनेंट जनरल एन. के. सिंह ने शिक्षा को राष्ट्रनिर्माण की आधारशिला बताते हुए अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को सफलता का मूल मंत्र बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. हेमंत कोठारी, वाइस चांसलर, पेसिफिक यूनिवर्सिटी ने अपने विचारों में आधुनिक शिक्षा प्रणाली, नवाचार और तकनीकी उन्नति की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. कपिलेश तिवारी, प्राचार्य, पेसिफिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए संस्थान की उपलब्धियों और 'स्पंदनम' के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉ. हेमंत पंड्या, प्राचार्य, पेसिफिक शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय ने अपने विचारों में अनुशासन, स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली को सफलता का आधार बताया।

# वॉश नष्ट, हथकड़ शराब जब्त

**उदयपुर,** (कासं)। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गष्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध मदिरा जब्त करते हुए हजारों लीटर वॉश नष्ट कर अभियोग दर्ज किए।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देषन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत 1 से 4 मई 2026 तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 388 अभियोग दर्ज किए गए है। प्रदेष में 2 लाख 56 हजार 834 रूपए की 992.77 लीटर देषी मदिरा, 4 लाख 51 हजार 985 रूपए की 453.925 लीटर भारत निर्मित विदेषी मदिरा, 66 हजार 828 रूपए की 292.4 लीटर बीयर एवं 2284 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई है। इसी क्रम में 96 हजार 553 लीटर वॉष नष्ट किया गया है। प्रदेष में अभियान के दौरान एक चार पहिया एवं 4 दुपहिया वाहन सहित 5 वाहन जब्त करते हुए 121 व्यक्तियों का गिरफ्तार किया गया है।आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देषन में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की षराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उदयपुर के आबकारी थाना सलूंबर क्षेत्र द्वारा मय जाब्ता दबिष देकर 1500 लीटर वॉष नष्ट किया एवं अवैध हथकड़ शराब जब्त की। मौके पर एक अभियोग दर्ज किया गया। बीकानेर जोन के आबकारी थाना क्षेत्र बीकानेर ग्रमीण, नोखा, खाजूवाला में आबकारी निरोधक दल की कार्रवाई में 2 अभियोग दर्ज किए। जिला हनुमानगढ में ईपीएफ थाना हनुमानगढ़, संगरिया में 2 एवं भादरा में 2 अभियोग, ईपीएफ थाना चूरू में एक अभियोग दर्ज करते हुए हथकड़ शराब की चालू भट्टी नष्ट की गई। श्रीगंगानगर में रायसिंहनगर, सूरतगढ़ एवं श्रीकरणपुर में 4 अभियोग दर्ज किए। उक्त कार्रवाई में कुल 14 अभियोग दर्ज करते हुए 9 अभियुक्तों का गिरफ्तार किए। मौके से देषी शराब के 184 पव्वे, भारत निर्मित विदेषी मदिरा के 48 पव्वे, 25 लीटर अवैध हथकड़ शराब जब्त कर 1800 लीटर वॉष नष्ट किया गया। जोधपुर के लूनी एवं सरदारपुरा क्षेत्र में दबिश कार्रवाई के तहत 2 चालू भट्टियां सहित 450 लीटर वॉष नष्ट किया गया। राजसमन्द में आबकारी थाना नाथद्वारा की रेड में एक चालू भट्टी मय उपकरण एवं अवैध हथकड़ शराब जब्त की।


अवैध मदिरा जब्त कर हजारों लीटर वॉश नष्ट की।

# गोगुंदा में कुत्ते ने दो दिन में 6 लोगों को काटा

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुंदा थाना क्षेत्र के ओबरा कला गांव में कुत्ते के हमले से ग्रामीणों में भय व्याप्तहै। सोमवारऔर मंगलवारदो दिन में करीब 6 जनों को कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। जिसके बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। इसमें 5 स्कूली बच्चे और एक महिला शामिल है। घटना के बाद ग्रामीण अपने घरों में रहने को मजबूत हो गए। परेशान ग्रामीणों ने अपने स्तर पर 25 से 30 लोगों की टीम बनाकर कुत्तेको पकडने का प्रयास किया लेकिन कुत्ता पकड़ में नहीं आया और भाग गया।

ग्रामीणों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। लगातार बढ़ रहे हमलों को लेकर प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आवारा कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिले। कुत्ते ने रास्ते में जाते वक्त बच्चों को काटा,बकरी पर भी हमला किया,वही गांव की महिला मीना बाई के हाथ पर काट लिया। स्कूल से आते वक्त रास्ते में स्कूली छात्र प्रशांत, ममता और पुष्पेन्द्र सिंह को भी काट लिया। इनके हाथ और पैर पर काटा है। इतना ही नहीं, कुत्ते ने डालचंद लोहार की बकरी को भी काटकर घायल कर दिया।इसके अलावा एक अन्य स्कूली छात्र पर भी कुत्ते ने हमले का प्रयास किया।

## गुलाब सागर तालाब में सैकड़ों मछलियां मरीं

**कपासन,** (निसं)। कस्बे के प्राचीन गुलाब सागर तालाब में अचानक सैकड़ों मछलियां मृत पाई जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के बाद तालाब के आसपास रहने वाले लोगों में चिंता का माहौल है। बताया जा रहा है कि मौसम में बदलाव और हालिया बारिश के बाद यह स्थिति सामने आई है।

तेज हवा के चलते बड़ी संख्या में मृत मछलियां तालाब के किनारों पर आकर जमा हो गई, खासकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान की ओर इनकी संख्या अधिक देखी गई। इसके अलावा तालाब के पानी में भी कई स्थानों पर मरी हुई मछलियां तैरती नजर आई, जिससे जल की स्थिति को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने मौत के पीछे जल प्रदूषण की आशंका जताई है। उनका कहना है कि कस्बे की गंदी नालियों का पानी अक्सर इस तालाब में आकर मिलता है, जिससे पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। ऐसे में यह भी एक संभावित कारण माना जा रहा है कि प्रदूषित पानी के कारण मछलियों की मौत हुई हो।

## चलती बस में लगी आग

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर शहर के समीप ही बलीचा बाइपास पर मंगलवार शाम एक निजी ट्रावेल्स की चलती बस में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और तेज उठती लपटों के साथ बस जलकर राख हो गई। बस में 38 यात्री सवार थे लेकिन आग लगने से पहले ही यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

शहर के बलीचा बाइपास पर आज शाम करीब 5 बजे एक बस गुजरात की ओर से जा रही थी। इस दौरान ड्राइवर ने बोनट से धुआं उठता देखा और उसने जल्द ही स्थिति को भांपते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। बताया जा रहा कि बस में 38 यात्री थे। आग भयावह रूप लेती इससे पहले सुझबुझ के चलते सभी को बाहर उतार लिया गया जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग से उठती लपटों के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े इस बाइपास पर यातायात जाम हो गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। आग के भयावह रूप को देखते हुए लोगों में अफरा-तफरी मच गई और बस से समीप से लोग इधर-उधर भागने लगे।

# जीएमसीएच उदयपुर में जटिल साइनस बीमारी का सफल इलाज

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) उदयपुर के ईएनटी (नाक-कान-गला) विभाग में जालौर की 43 वर्षीय महिला का जटिल साइनस रोग सफलतापूर्वक ठीक किया गया। मरीज पिछले 10 दिनों से माथे में बढ़ती सूजन, दोहरा दिखना और पलकों में सूजन से परेशान थी। इसके अलावा, उसे करीब 3 महीनों से लगातार माथे में तेज सिरदर्द भी हो रहा था। मरीज ने पहले एक निजी अस्पताल में इलाज कराया था, जहां माथे की सूजन से मवाद निकालने के लिए सुई से प्रक्रिया की गई, लेकिन इससे उसे कोई राहत नहीं मिली।

23 अप्रैल 2026 को मरीज जीएमसीएच के ईएनटी विभाग में पहुंची, जहां उसे डॉ. अंकुश पंडित की देखरेख में भर्ती किया गया। जांच के दौरान नाक के अंदर कैमरे से जांच (एंडोस्कोपी) की गई और सीटी और एमआरआई स्कैन से पता चला कि मरीज को फ्रंटल साइनस में म्यूकस की गांठ, फंगल संक्रमण और हड्डी में संक्रमण जैसी गंभीर समस्याएं हैं।


जीएमसीएच में जटिल साइनस बीमारी का सफल इलाज किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यूरोसर्जरी और आंखों के विशेषज्ञों से भी सलाह ली गई, क्योंकि संक्रमण का असर माथे और आंखों के आसपास की हड्डियों तक पहुंच चुका था, जिससे स्थिति जटिल हो गई थी। 25 अप्रैल 2026 को ईएनटी सर्जिकल टीम डॉ. अंकुश पंडित, डॉ. गौतम स्वामी और डॉ. प्रखर माथुर ने एंडोस्कोपिक साइनस सर्जरी की।

सर्जरी के दौरान साइनस में मौजूद फंगल संक्रमण को हटाया गया और फ्रंटल साइनस को खोलकर उसमें जमा म्यूकस की गांठ भी निकाली गई।

ऑपरेशन के दौरान यह भी सामने आया कि संक्रमण के कारण माथे की आगे और पीछे की हड्डियां गल गई थीं और मस्तिष्क की परत तक दिखाई देने लगी थी। इसके अलावा आंख और नाक के बीच की पतली हड्डी को भी नुकसान पहुंचा था, जिससे सर्जरी काफी कठिन और जोखिम भरी हो गई थी।

इसके बावजूद जीएमसीएच उदयपुर में उपलब्ध आधुनिक एंडोस्कोपिक उपकरणों की मदद से सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की गई। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर रही और उसमें तेजी से सुधार हुआ। लंबे समय से चल रही इस समस्या के कारण मरीज की जिंदगी प्रभावित हो रही थी, लेकिन सफल इलाज के बाद अब मरीज और उसके परिजन काफी राहत और संतोष महसूस कर रहे हैं। सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।


**कार्यालय नगरपरिषद निम्बाहेड़ा जिला -चित्तौडगढ़ (राज.)**

क्रमांक :-नपनि / हस्ता. / 2026-27 / 590 दिनांक :- 28.04.2026

**आपत्ति सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि नगरपरिषद निम्बाहेड़ा को नाम हस्तान्तरण के निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये है।

| क्र. सं. | आवेदन क्रमांक | मूल आवंटी / पट्टाधारी का नाम एवं भूखण्ड सं. साईज का विवरण | आवेदक / हस्तान्तरी का नाम भूखण्ड सं. साईज एवं कॉलोनी का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 176356 | श्री शिवदयाल, प्रकाश पिता श्री नाथुलाल जी सुथार का पट्टा विलेख सं. 266 / 30.03.1981 भूखण्ड सं. 16 साईज 2400 वर्गफीट का पट्टा जारी है। | श्रीमती सुशीला पत्नि श्री सुरेश चन्द्र कुदाल एवं श्री सुरेश चन्द्र कुदाल पिता श्री पन्नालाल कुदाल द्वारा अन्य से क्रय कर भूखण्ड सं. 16 का दक्षिणी भाग साईज 1440 वर्गफीट नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 2. | 176353 | श्री उम्मेदसिंह पिता श्री जोधराज के नाम से नगरपालिका द्वारा आर्दश कॉलोनी स्थित भूखण्ड सं.78 साईज 3600 वर्गफीट का पट्टा विलेख सं. 17 / 61 दिनांक 01 / 05 / 1978 से जारी किया गया। | श्री सुरेश चन्द्र कुदाल पिता श्री पन्नालाल कुदाल द्वारा मूल आवंटी से क्रय कर आर्दश कॉलोनी स्थित भूखण्ड सं.78 साईज 3600 वर्गफीट का पट्टा विलेख सं. 17 / 61 दिनांक 01 / 05 / 1978 नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 3. | 158145 | श्री हरिशंकर पिता श्री बसन्तीलाल सुथार के नाम से आर्दश कॉलोनी स्थित भूखण्ड सं. 259 साईज 45 बाय 80 यानि 3600 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। स्ट्रीप में क्रय भूखण्ड साईज 5 बाय 30 यानि 150 का का स्ट्रीप विक्रय विलेख सं. 9 / 2001-02 दिनांक 5 / 02 / 2002 श्री राधाकिशन पिता श्री मुखीधमनमल के नाम जारी किया गया। स्ट्रीप में क्रय भूखण्ड साईज 5 बाय 25 यानि 125वर्गफीट का का स्ट्रीप विक्रय विलेख सं. 07 / 2001-02 दिनांक 5 / 02 / 2002 श्री प्रेमचन्द कालेरा पिता श्री मुखीधमनमल के नाम जारी किया गया। स्ट्रीप में क्रय भूखण्ड साईज 5 बाय 25 यानि 125 का का स्ट्रीप विक्रय विलेख सं. 8 / 2001-02 दिनांक 5 / 02 / 2002 श्री हरिशचन्द्र कालेरा पिता श्री मुखीधमनमल के नाम जारी किया गया। | श्री मनोज कालेरा पिता श्री स्व. राधाकिशन कालेरा द्वारा उक्त भूखण्ड सं.259 साईज 45 बाय 80 यानि 3600 वर्गफीट एवं स्ट्रीप ऑफ लैण्ड में प्राप्त भूखण्ड साईज 400 वर्गफीट को पैतृक सम्पति के रूप एवं माननीय न्यायालय से बंटवारा नामा एवं दान पत्र से प्राप्त किया जाकर कुल भूखण्ड में से 2000 वर्गफीट भूमि विक्रय कर शेष 2000 वर्गफीट भूखण्ड जो आर्दश कॉलोनी निम्बाहेड़ा में स्थित का नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 4. | 176263 | श्री मांगीलाल पिता श्री रतना लाल सेवक के नाम से आर्दश कॉलोनी विस्तार योजना 2 में भूखण्ड सं. 93 साईज 980 वर्गफीट का पट्टा / आवासीय भूखण्डों की सूपूर्दगी पत्र 157 / 82 दिनांक 08 / 09 / 1982 के नाम जारी किया गया। | श्रीमति नजमा पत्नि श्री शेख मुख्तियार के द्वारा आर्दश कॉलोनी विस्तार योजना 2 में भूखण्ड सं. 93 साईज 980 वर्गफीट अन्य विक्रय से क्रय कर हस्तान्तरण का आवेदन किया। |
| 5. | 181160 | श्री मोती लाल पिता श्री नाना लाल चाष्टा के नाम से उपखण्ड से जारी पट्टा सं. 104 / 94 दिनांक 22 / 10 / 1994 भूखण्ड सं. 376 वर्गगज उदयपुर मेन रोड निम्बाहेड़ा | श्री सुनील चाष्टा पिता श्री मोतीलाल चाष्टा द्वारा गिफ्टडीड से भूखण्ड साईज 1560 वर्गफीट प्राप्त कर नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 6. | 180452 | श्रीमति काली बाई पत्नि श्री पप्पु लाल भील रूपान्तरीत जय अम्बे विहार कासोद भूखण्ड साईज 4048.33 वर्गगज के नाम से जारी पट्टा विलेख सं. 28 / 2010-11 दिनांक 15 / 02 / 2011 को जारी किया गया। | श्री इम्तियाज अहमद पिता श्री निसार अहमद के द्वारा अन्य विक्रयता से जय अम्बे विहार कासोद भूखण्ड साईज 1200 वर्गफीट क्रय कर नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 7. | 180448 | श्रीमति काली बाई पत्नि श्री पप्पु लाल भील रूपान्तरीत जय अम्बे विहार कासोद भूखण्ड साईज 4048.33 वर्गगज के नाम से जारी पट्टा विलेख सं. 28 / 2010-11 दिनांक 15 / 02 / 2011 को जारी किया गया। | श्री इम्तियाज अहमद पिता श्री निसार अहमद के द्वारा अन्य विक्रयता से जय अम्बे विहार कासोद भूखण्ड एफ-1 साईज 510 वर्गफीट क्रय कर नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 8. | 179075 | श्री मोहन लाल पिता श्री रामलाल मीणा के नाम जारी पट्टा सं. 943 दिनांक 15.01.2019 से भूखण्ड सं. 101 साईज 1000 वर्गफीट का पट्टा प्राप्त है। | मदरसा हुसैन मस्जिद एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी निम्बाहेड़ा जरीये शहजाद पिता श्री सलीम खान एवं मोईन खान पिता श्री नाहर खान और मोहनुदीन पिता मोहम्मद याकूब लुहार के द्वारा उक्त रूपान्तरीत भूखण्ड महावीर कॉलोनी कासोद साईज 1000 वर्गफीट को अन्य से क्रय नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 9. | 179077 | श्री मोहन लाल पिता श्री रामलाल मीणा के नाम जारी पट्टा सं. 943 दिनांक 15.01.2019 से भूखण्ड सं. 102 साईज 978.50 वर्गफीट का पट्टा प्राप्त है। | मदरसा हुसैन मस्जिद एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी निम्बाहेड़ा जरीये शहजाद पिता श्री सलीम खान एवं मोईन खान पिता श्री नाहर खान और मोहनुदीन पिता मोहम्मद याकूब लुहार के द्वारा उक्त रूपान्तरीत भूखण्ड महावीर कॉलोनी कासोद साईज 978.50 वर्गफीट को अन्य से क्रय नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 10. | 157903 | श्री सत्यनाराणय पिता श्री नाथु लाल सुथार के नाम से उपखण्ड अधिकारी द्वारा जारी पट्टा विलेख सं. 197 / 96 दिनांक 24 / 10 / 1996 से रूपान्तरीत भूखण्ड साईज 1111.11 वर्गगज वाम नगर का पट्टा विलेख जारी किया गया। | श्री जहीर अहमद पिता श्री निसार अहमद द्वारा उक्त रूपान्तरीत आराजी भूखण्ड से भूखण्ड सं.42 साईज 25 बाय 40 यानि 1000 वर्गफीट वाम नगर स्थित भूखण्ड को अन्य विक्रयता से क्रय कर नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 11. | 180611 | श्री जतनमल पिता री भंवर लाल चौपड़ा के नाम से नगरपलिका द्वारा पट्टा विलेख सं. 16 / 2017-18 दिनांक 25 / 05 / 2017 से रूपान्तरीत आराजी का पट्टा विलेख प्राप्त किया है। | श्री सुरेशचन्द्र काबरा पिता श्री लक्ष्मीनारायण काबरा द्वारा मूल आवंटी की मृत्यू उपरान्त वारिसानों से क्रय कर भूखण्ड सं. 07 साईज 9783.5 वर्गफीट कासोद स्थित का नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 12. | 155436 | श्री चन्द्र प्रकाश पिता श्री चन्दनमल के नाम जारी पट्टा विलेख सं. 11 / 2010-11 दिनांक 28.01.2011 से रूपान्तरीय साईज 1650.58 वर्गगज एवं श्री संदीप नागौरी पिता श्री चन्दनमल जी नागौरी के नाम जारी पट्टा विलेख संत्र 12 / 2010-11 दिनांक 28.01.2011 से रूपान्तरीय साईज 1135.55 वर्गगज का पट्टा विलेख जारी किया गया। | श्री मोहम्मद सिराज पिता श्री वली मोहम्मद द्वारा उक्त रूपान्तरीत भूखण्ड में से भूखण्ड सं. जे-2 साईज 1000 वर्गफीट पार्श्वनाथ नगर सांकरिया स्थित है। अन्य विक्रयता से क्रय कर नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 13. | 180619 | श्री पेमाराम पिता श्री केशराम चौहान के नाम जारी लीजडीड सं. 70 / 2004-05 दिनांक 14.03.2005 से आर्दश कॉलोनी आई.यू.डी.पी स्कीम के ब्लॉक बी' में भूखण्ड सं. 12 का पट्टा जारी है। | श्री दशरथ नागदा पिता श्री नन्दकिशोर जी नागदा द्वारा अन्य विक्रयता से आर्दश कॉलोनी आई.यू.डी.पी स्कीम के ब्लॉक बी' में भूखण्ड सं. 12 साईज 1250 वर्गफीट क्रय कर नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 14. | 180609 | श्री गजेन्द्र कुमार पिता श्री आनन्द स्वरूप वर्मा के नाम से लीजडीड सं. 25 / 2017-18 दिनांक 25 / 05 / 2017 भूखण्ड सं. 16 साईज 9783.50 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया है। | श्री सुरेशचन्द्र काबरा पिता श्री लक्ष्मीनारायण काबरा द्वारा मूल आवंटी से क्रय कर भूखण्ड सं. 16 साईज 9783.5 वर्गफीट कासोद स्थित का नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 15. | 181857 | श्री पुरूषोत्तम पिता श्री स्व. श्री आसनदास गिड़वानी के नाम से भूखण्ड़ सं. 29 साईज 1000 वर्गफीट शक्ति नगर स्थित का पट्टा जारी किया गया। | श्री पवन माली पिता श्री बाबुलाल जी माली द्वारा अन्य विक्रयता से क्रय भूखण्ड़ सं. 29 साईज 1000 वर्गफीट शक्ति नगर स्थित कर नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |
| 16 | 180607 | श्री राज कुमार पिता श्री शंकर लाल राजोरा एवं श्री कुलदीप पिता श्री मदन लाल चपलोत एवं शोभागमल पिता श्री राजमल छाजेड़ के नाम जारी पट्टा विलेख सं. 33 दिनांक 28 / 08 / 2014 से रूपान्तरीत भूखण्ड आदिनाथ नगर वर्षा नगर के पास निम्बाहेड़ा का पट्टा जारी किया है। | श्री राजेश पिता श्री कैलाश चन्द्र एवं श्री मुकेश तैली पिता श्री कैलाश चन्द्र द्वारा अन्य विक्रयता से भूखण्ड सं. सी-2 साईज 1000 वर्गफीट आदिनाथ नगर वर्षा नगर के पास निम्बाहेड़ा क्रय कर नाम हस्तान्तरण का आवेदन किया है। |

उपरोक्त आवेदकों द्वारा अपने भूखण्ड के चैन दस्तोवज प्रस्तुत कर हस्तान्तरण अपने नाम से किये जाने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अतः इस संबंध में किसी आस-पड़ोस / परिवार जन या किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो मय सबुत के अन्दर मियाद 07 दिवस मे नगर परिषद निम्बाहेड़ा में, कार्यालय दिवस मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद समयावधि कोई आपत्ति मान्य नही होगी, और उपरोक्त आवेदको के पक्ष में हस्तान्तरण कि कार्यवाही प्रस्तावित कि जाकर हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। सूचित हो

राज.संवाद / सी / 26 / 2017 आयुक्त